Roll No. | | | | | | |

**DAV PUBLIC SCHOOLS, ODISHA ZONE**
**PERIODIC ASSESSMENT-II (2023-24)**

- **Please Check that this question paper contains printed 06 pages.**
- **Check that this question paper contains 19 questions.**
- **Write down the Serial Number of the question in the left side of the margin before attempting it.**

**CLASS – VIII**
**SUB: LOWER HINDI**

**Time Allowed :3 Hours** **Maximum Marks:80**

सामान्य निर्देश :-

- इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं - खंड 'क','ख' 'ग' और 'घ'।
- सभी खंड अनिवार्य है ।
- प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए ।
- उत्तरपुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए, जो प्रश्न पत्र में दी गई है ।

**खंड 'क' (अपठित बोध)**

**1.निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के उचित विकल्प छाँटिए :- (1×5=5)**

स्वास्थ्य को सबसे बड़ा धन कहा गया है। यदि रूपया-पैसा हाथ से निकल जाए तो उसे पुनः प्राप्त किया जा सकता है। परंतु एक बार स्वास्थ्य बिगड़ जाए तो उसे पुरानी स्थिति में लाना बहुत कठिन होता है। अच्छा स्वास्थ्य जीवन के समस्त सुखों का आधार है। जो अच्छे स्वास्थ्य से युक्त है उसके मन में उत्साह और उमंग होती है। वह अपना कार्य चिंतामुक्त होकर करता है। दूसरी तरफ बिगड़े हुए स्वास्थ्य वाला व्यक्ति हर समय उदास दुःखी और विचलित रहता है। अतः प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह स्वास्थ्यप्रद जीवनशैली अपनाए और अपने तन को स्वस्थ और मन को आनंदित रखे क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। अच्छा एवं संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या और नियमित व्यायाम स्वास्थ्य को बनाए रखने के तीन मूलभूत तत्व है। भोजन में फल, अनाज, सब्ज़ी और दूध का समन्वय होना चाहिए। फल, हरी ताजी सब्ज़ियाँ अंकुरित अनाज तथा दूध की कुछ-न-कुछ मात्रा प्रतिदिन लेने से व्यक्ति का स्वास्थ्य अच्छा बना रहता है। साथ ही बासी, फास्ट फूड, अधिक तला-भुना और मैदे की अधिक मात्रा वाला भोजन मानव स्वास्थ्य के प्रतिकूल होता है। इसलिए हमें स्वस्थ रहने के सभी आवश्यक उपाय करने चाहिए।

**(i) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

कथन (A): स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है।

कारण (R): अच्छा स्वास्थ्य जीवन के समस्त सुखों का आधार है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।
(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**(ii)स्वस्थ व्यक्ति कैसा होता है?**

(क) उदास, दुखी और विचलित (ख) रुपए-पैसे वाला
(ग) चिंतामुक्त, उत्साह और उमंग से भरा (घ) आरामदायक जीवन जीने वाला

**(iii) कौन-सी जीवन शैली अपनाकर स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास हो सकता है?**

(क) आलस्यपूर्ण (ख) स्वास्थ्यप्रद
(ग) आधुनिक (घ) आध्यात्मिक

**(iv) अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के तीन मूलभूत तत्व कौन-से है?**

(क) अनियमित दिनचर्या और पौष्टिक भोजन (ख) संतुलित भोजन और प्रातः कालीन भ्रमण
(ग) असंतुलित भोजन और अनियमित व्यायाम (घ) संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या व व्यायाम

**(v)प्रतिदिन क्या खाने से व्यक्ति का स्वास्थ्य अच्छा बना रहता है?**

(क) फल, अनाज, सब्ज़ी और दूध (ख) बासी और मैदे वाला भोजन
(ग) फास्टफूड और तला-भुना खाना (घ) मिठाई, नमकीन और फल

**2.<u>निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के उचित विकल्प छाँटिए</u> :- (1×5=5)**

पुस्तकें व्यक्ति की सबसे उत्तम मित्र होती हैं। जब हम कभी अकेलेपन का अनुभव करते हैं, तो वे तुरंत हमारे मन बहलाने के लिए प्रस्तुत रहती है। अन्य मित्र भले ही धोखा दे जाएँ वे कभी धोखा नहीं देतीं। वे हमें आनंद-लोक की सैर कराती है, उत्तम ज्ञान देती हैं, हमारे दृष्टिकोण को विस्तृत करती है, हमारी निराशा और हताशा को हर लेती है। ये कभी कोई ऐसी माँग नहीं करती, जिसमें धन अथवा समय बर्बाद हो। व्यक्ति अपनी रुचि, आवश्यकता तथा विषय के अनुसार उन्हें चुन सकता है। एक बार हमारे पास आ जाने के बाद वे हमें छोड़कर अन्यत्र नहीं जातीं। वे कभी शिकायत भी नहीं करती, न ही ताने और उलाहने देती हैं। वे हमें ऐसे संसार में ले जाती हैं, जहाँ सारे भाव है, रस है, आनंद है। ये कभी पीड़ा जगाती हैं, तो कभी घाव का मरहम बन जाती हैं। कभी हँसाती हैं तो कभी रुलाती है। कभी भावविभोर कर देती हैं,तो कभी चिंतन की एक नई दिशा दिखा जाती है सचमुच अद्भुत है इनका साथ और संसार।

**(i) पुस्तकें व्यक्ति की सबसे अच्छी मित्र क्यों है?**

(क) अकेलापन बाँटती हैं व धोखा नहीं देतीं (ख) समय व्यर्थ करती हैं
(ग) खुशी और धन की वृद्धि करती है (घ) उदासी और बेचैनी बढ़ाती है

**(ii) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यान से पढ़िए-**

(1) पुस्तकें हमें आनंद-लोक की सैर कराती है।
(2) पुस्तकें हमें उत्तम ज्ञान देती हैं।
(3) पुस्तकें हमारे दृष्टिकोण को विस्तृत करती हैं।
(4) पुस्तकें हमारा धन, समय बर्बाद करती है ।

<u>उपर्युक्त वाक्यों में से कौन-से कथन सही हैं</u> ?

(क) 1,3,4 (ख) 1,2,3 (ग) 2,3,4 (घ) 1,2,4

**(iii) पुस्तकें क्या हर लेती है?**

(क) इच्छा एवं उत्साह (ख) निराशा तथा हताशा

(ग) खुशियाँ और आनंद (घ) भाव एवं रस

**(iv) व्यक्ति अपने लिए पुस्तकों का चुनाव किस प्रकार कर सकता है?**

(क) मित्रों और संबंधियों के अनुसार (ख) अरुचि और कल्पना के अनुसार

(ग) साहित्यिक परंपरा और रुचि के अनुसार (घ) रुचि, आवश्यकता और विषय के अनुसार

**(v) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक है-**

(क) पुस्तकें: हमारे मित्र (ख) पुस्तकें: हमारे शत्रु

(ग) सपनों की दुनिया (घ) पुस्तकों का साथी

**<u>खंड 'ख'</u> (व्यावहारिक व्याकरण)**

**3.(i) <u>निम्नलिखित शब्दों में से सही स्थान पर लगे अनुस्वार वाला शब्द छाँटकर लिखिए</u> -** **(½)**

(क) प्रंशसा (ख) प्रंसशा (ग) प्रशंसा (घ) प्रशसां

**(ii) <u>निम्नलिखित शब्दों में से उचित स्थान पर लगे नुक्ता शब्द छाँटकर लिखिए</u> -** **(½)**

(क) फ़ायदा, सज़ा (ख) काफ़िला, सजा (ग) फंन,ज़माना (घ) फायदा,बुज़ुर्ग

**4.(i) <u>निम्नलिखित शब्दों में से जातिवाचक संज्ञा छाँटिए</u> -** **(1)**

(क) भारत (ख) छात्र (ग) नीम (घ)हिमालय

**(ii) <u>निम्नलिखित वाक्य के लिए उपयुक्त सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए</u> -** **(1)**

________ एक फूल बच्चे को दुँगी।

(क) मुझे (ख) उसे (ग) तुम (घ) मैं

**(iii) <u>निम्नलिखित वाक्य में से विशेषण -विशेष्य छाँटिए</u> -** **(1)**

मुझे लाल गुलाब पसंद है।

(क) मुझे-लाल (ख) लाल-गुलाब (ग) गुलाब-पसंद (घ) मुझे-गुलाब

**5.(i) <u>दिए गए वाक्य में से संयुक्त क्रिया चुनकर लिखिए</u>-** **(1)**

सचिन आज का मैच खेल सकता है।

(क) है (ख) खेल (ग) सकता है (घ) खेल सकता है

**(ii) <u>निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त काल छाँटकर लिखिए</u> -** **(1)**

बिल्ली सारा दूध पी गई ।

(क) वर्तमान काल (ख) भूतकाल (ग) भविष्यत काल (घ) आदिकाल

**(iii) <u>'आँख' शब्द का पर्यायवाची शब्द छाँटकर लिखिए</u>-** **(1)**

(क) मुँह (ख) चेहरा (ग)नयन (घ) पादप

**(iv) <u>'जल' शब्द का पर्यायवाची शब्द छाँटकर लिखिए</u>-** **(1)**

(क) नीर,पानी (ख) नदी,सरिता (ग)सरिता,अंबु (घ) सागर,सरिता

**6.(i) मोहन की घड़ी <u>नई</u> है जबकि मेरी ______** । (रेखांकित शब्द का विलोम छाँटकर लिखिए) **(1)**

(क)सुंदर (ख) नया (ग) पुरानी (घ) कीमती

**(ii) भगवान के लिए <u>राजा</u> और _____एक समान है**।(रेखांकित शब्द का विलोम छाँटकर लिखिए) **(1)**

(क) रानी (ख) रंक (ग) प्रजा (घ) दोस्त

**(iii) <u>दिए गए शब्दों में से 'र' के सही प्रयोग वाले शब्द चुनिए</u>-** **(1)**

(क) आर्शीवाद (ख) गृह (ग) प्रकाश (घ) गाम्रीण

**(iv) <u>निम्नलिखित वाक्य को उचित मुहावरे से भरिए</u>-** **(1)**

धरतीपटक सिंह ने मुखजोर सिंह के ___________ ।

(क) हरा दिया । (ख) दाँत खट्टे कर दिए ।

(ग) आग-बबूला हो गए । (घ) नौ-दो ग्यारह हो गए ।

**(v) <u>'होश उड़ जाना' मुहावरे का अर्थ विकल्प में से छाँटकर लिखिए</u> -** **(1)**

(क) भाग जाना (ख) गुस्सा करना (ग) हरा देना (घ) घबरा जाना

**7.(i) <u>दिए गए वाक्य में से सही स्थान पर प्रयुक्त विराम चिहन वाले वाक्य छाँटकर लिखिए</u> -** **(1)**

(क) तुम कहाँ जा रहे हो । (ख) मुझे पसीना आ रहा है !

(ग) ताईजी बोली,"आलू तो एकदम मीठे हैं।" (घ) हाय, अब क्या होगा?

(ii) **<u>दिए गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द छाँटकर लिखिए</u>-** (1)

जो ईश्वर में विश्वास रखता हो-

(क) आस्तिक (ख) नास्तिक (ग) आशावादी (घ) प्रभुभक्त

**(iii) <u>दिए गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द छाँटकर लिखिए</u>-** (1)

जिसके आने की तिथि निश्चित न हो-

(क) अतीथि (ख) अतिथि (ग) अतिथी (घ) अतीथी

**(iv) <u>निम्नलिखित वाक्य की पूर्ति कोष्ठक में दिए गए शब्द के बहुवचन शब्द से भरिए</u> -** (1)

नानी मुझे _________ सुनती है । (कहानी)

(क) कहानी (ख)कहानीयाँ (ग) कहानियाँ (घ) कहानियों

(v) **<u>'सभा' शब्द का बहुवचन शब्द होगा</u> -** (1)

(क) सभाए (ख) सभाओं (ग)सभा (घ) सभाएँ

(vi) **<u>नीचे दिए गए वाक्य में सही कारक चिहन का प्रयोग कीजिए</u>-** (1)

माँ __ रोहित __ बुलाया ।

(क) ने, से (ख) को,से (ग) ने,को (घ) को, से

(vii) **बच्चों __ मामाजी __ घर में खूब मज़े किए**।(रिक्त स्थान में प्रयुक्त कारक चिह्न चुनिए) **(1)**

(क) ने,के (ख) के लिए,से (ग) से,को (घ) को, ने

## <u>खंड 'ग'</u> (पाठ्य पुस्तक)

**8.<u>निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उचित विकल्प छाँटिए</u> :-** **(1×5=5)**

वल्लभ भाई पटेल ने **1897** में नदियाड़, गुजरात से दसवीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण की। दसवीं तक आते-आते वल्लभ ने अपने आने वाले जीवन के विषय में निर्णय ले लिया था। वह जान चुका था कि जो इंग्लैंड से कानून की पढ़ाई कर के भारत आते हैं**,** उन्हें धन और यश दोनों मिलते हैं। इंग्लैंड जाकर कानून की पढ़ाई करना ही वल्लभ भाई के जीवन का उद्देश्य बन गया। उसने रात-दिन कठोर परिश्रम शुरू कर दिया। वल्लभ भाई ने मुख्तारी की परीक्षा उत्तीर्ण कर के नदियाड़ न्यायालय में वकालत शुरू कर दी। कानून की बारीकियों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने के कारण उनकी गिनती प्रसिद्ध वकीलों में होने लगी। वह इंग्लैंड जाने के लिए पैसे जोड़ते रहे। वह दिन आया जब उन्होंने इंग्लैंड जाने की समूची कार्रवाई पूरी कर ली। वह यात्रा संबंधी आदेश की प्रतीक्षा करने लगे। वर्षों का सपना पूरा होने वाला है**,** यह सोच-सोचकर

वल्लभ भाई मन ही मन प्रसन्न होते। "वल्लभ, वल्लभ कहाँ हो, देखो किसी अज्ञात हितैषी ने मेरा इंग्लैंड जाने का टिकट भेजा है," चिल्लाता हुआ उनका बड़ा भाई विट्ठल उनके पास आया।

**(i) इंग्लैंड से कानून की पढ़ाई कर के भारत आने वाले को क्या मिलता है?**

(क) नौकरी, धन (ख) धन, यश

(ग) यश, अपयश (घ) नौकरी, अपयश

**(ii) वल्लभ भाई पटेल ने दसवीं कक्षा की परीक्षा कब और कहाँ से उत्तीर्ण की ?**

(क) 1897, नदियाड़ (ख) 1879, गुजरात

(ग) 1978, अहमदावाद (घ) 1789, गुजरात

**(iii) वल्लभ भाई की गिनती प्रसिद्ध वकीलों में क्यों होने लगी?**

(क) बड़े भाई विट्ठल के साथ होने के कारण

(ख) इंग्लैंड जाकर कानून की पढ़ाई करने के कारण

(ग) कानून की बारीकियों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने के कारण

(घ) गाँधी जी का साथ होने के कारण

**(iv) वल्लभ ने अपने आने वाले जीवन के विषय में कब तक निर्णय ले लिया था?**

(क) नवीं (ख) ग्यारहवीं (ग) बारहवीं (घ) दसवीं

**(v) वल्लभ भाई का कौन-सा सपना पूरा होने वाला था ?**

(क) इंग्लैंड जाने का (ख) वकील बनने का

(ग) पैसे कमाने का (घ) गाँधी जी से मिलने का

**9.<u>पाठ के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए</u>:-** **(1×2=2)**

(क) घेरे की पहेली सुलझाने के लिए ______ को बुलाया गया ।

(ख) मिलती लंबी राह उसे, देती है सबको ______ ।

**10.<u>पाठ के आधार पर वाक्यों का उचित मिलान कीजिए</u> :-** **(½×4=2)**

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (क) मुखजोर सिंह का बेटा | (i) कई लोगों ने मिलकर बनाया है । |
| (ख) सबसे बड़ा डर | (ii) बुद्धिमान था । |
| (ग) अजंता के चित्रों को | (iii) वे रुमझुम-रुमझुम नाचेंगे । |
| (घ) हवा कहेगी झूम-झूम | (iv) टपके का था । |

**11. <u>निम्नलिखित कथन किसने- किससे कहा</u> ?** **(1×2=2)**

(क) "नहीं भैया मेरे यहाँ नहीं है ।"

(ख) "मैं पढ़-लिखकर कुछ बनना चाहता है।"

**12. <u>निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए-</u>** **(1×3=3)**

(क) शाम होने पर पक्षी क्या करते हैं?

(ख) अजंता में सबसे अधिक किस रंग का प्रयोग हुआ है?

(ग) आदिवासियों को अपनी ज़रूरत की सारी चीज़ें कहाँ से मिल जाती थीं?

13.<u>निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए-</u> (2×3=6)

(क) बादशाह होजा को क्या बनाना चाहता था और क्यों?

(ख) मुंडा आदिवासी जंगलों की सुरक्षा किस प्रकार करते थे?

(ग) पेड़ किस समय और कैसे खाना खाएँगे?

(घ) नदी का बहाव पर्वत पर कैसा होता है और नीचे आने पर कैसा हो जाता है?

14.<u>निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए</u>- (3×2=6)

(क) हाथी को आँगन में गिरा देखकर मुखजोर सिंह की पत्नी ने क्या कहा?

(ख) अंग्रेज़ी राज समाप्त करने के लिए बिरसा मुंडा ने क्या-क्या किया?

(ग) स्वतंत्र भारत में सरदार पटेल का सबसे बड़ा योगदान क्या था?

15.<u>निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए-</u> (4×1=4)

नदी में बहुत सारे गुण होते हैं। उनमें से किन गुणों को अपनाने से हमारे व्यवहार में परिवर्तन आएगा?

**अथवा**

पेड़ों की तरह हमें भी परोपकारी बनना चाहिए,क्यों?

## <u>खंड 'घ'</u> (रचनात्मक लेखन)

16.<u>निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर (80-100 शब्दों में) अनुच्छेद लिखिए-</u> (5)

(क) मेरे जीवन का लक्ष्य- (संकेत बिंदु: भूमिका, जीवन का लक्ष्य, प्राप्त करने के उपाय, निष्कर्ष)

(ख) मेरा प्रिय त्योहार- (संकेत बिंदु: भूमिका, त्योहार का महत्व, विशेषता, प्रिय क्यों, निष्कर्ष)


(ग) समुद्र तट की सैर-(संकेत बिंदु: भूमिका, समुद्र तट का दृश्य,आसपास का वातावरण , निष्कर्ष)

**17.**परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने पर छोटी बहन को बधाई देते हुए **पत्र** लिखिए । (5)

**अथवा**

शुल्क माफ़ी के लिए प्रधानाचार्य को आवेदन **पत्र** लिखिए ।

18.<u>निम्नलिखित चित्र को देखकर मन में उत्पन्न हुए भावों को (80-100 शब्दों में) लिखिए</u> (5)



19. 'पेड़ों के महत्व' के बारे में बताते हुए पिता और पुत्र बीच **संवाद** लिखिए। (5)

**अथवा**

'हिंदी भाषा के महत्व' पर चर्चा करते हुए दो मित्रों की बातचीत को **संवाद** के रूप में लिखिए।

*************